वार्षिक रिपोर्ट 2017 - 18
Annual Report 2017 - 18

IDBI BANK

# एक नई राह की ओर
# Charting a New Course



# आईडीबीआई बैंक लि. की हिन्दी पत्रिका 'विकास प्रभा' को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

मुंबई। आईडीबीआई बैंक लि. की हिन्दी गृह पत्रिका 'विकास प्रभा' को राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं की श्रेणी के अंतर्गत 'ख' क्षेत्र में वर्ष 2016-17 के लिए भारत सरकार का प्रतिष्ठित राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार गृह मंत्रालय द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में भारत के माननीय राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के करकमलों से आईडीबीआई बैंक के एमडी एवं सीईओ महेश कुमार जैन ने ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिंह ने की माननीय गृह मंत्री गृह राज्य मंत्री हंसराज गंगाराम अहीर एवं किरेन रीजीजू तथा सचिव (राजभाषा) प्रभास



माननीय राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के करकमलों से राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त करते हुए आईडीबीआई बैंक के एमडी एवं सीईओ महेश कुमार जैन साथ में मौजूद हैं माननीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह।

# IDBI Bank to focus on retail, priority sectors

**CHENNAI: Public sector lender IDBI Bank has set into motion an aggressive turnaround strategy with a focus to build a robust retail portfolio, enhance its capital base and strengthen customer relationships.**



At a meeting held on Thursday, Rabinarayan Panda, Field Chief General Manager, Chennai Zone, remarked that while 2016-17 posed challenges, the bank's major thrust would be on rebalancing the business portfolio in coming months. The bank will tap into emerging opportunities to grow its business, with a vision to propel the retail and priority sector books notably.

Panda says, "In fact, the bank has made headway as evidenced in the rising share of retail advances to 43 per cent as at end-March 2017 from 33 per cent as at end-March 2016. The Bank's Current and Savings Account (CASA) deposits as well as Retail Term Deposits both grew by over 22 per cent during the year. Also, the share of these two deposits increased to over 31 pc and 32 pc, during the year."

The bank has also set its sight on a few short-term goals.

Panda explains, "The recovery of bad loans and prevention of further slippages will be a priority area for the bank in the short term. The bank will look at reducing its operational cost and it may raise about Rs 5,000 crore by selling non-core assets in the current fiscal."

Giving a breakup of figures in the Chennai Zone, Panda says, "The Chennai Zone has 116 retail branches with Rs 16,863 cr of retail business. The CASA and Retail Term Deposits registered a strong growth of 39 pc and 25 pc respectively during the FY 2016-17. The Structured Retail Loan Portfolio has grown by 8 pc. The Priority Sector Loan Book of the zone stands at 73 pc as against the prescribed 40 pc. The Advance to Agriculture sector and Micro Segment constitutes 36 pc and 28 pc respectively. Gross NPA in Structured Loan Portfolio stands at 1.28 pc. The Zone has chalked out plans to grow all its books by more than 25 pc and contain the Gross NPA at below 1% level in structured retail assets during the FY 2017-18." The Bank's NPAs was pegged at Rs 45,000 cr.

# IDBI Bank improves Audit Systems

Mumbai, March 27, 2018: IDBI Bank has initiated a Quality Assurance Audit (QAA) to further strengthen and enhance its Internal Audit function and align it with prevailing best practices. For this purpose, the Bank had appointed an external expert who was very much associated with the audit reforms in the PSBs. The scope of QAA included, inter alia, i) review of the internal audit framework (policies, processes, procedures, reporting structures, formats etc) of the Bank and integration thereof with Risk Based Supervision; ii) and audit observations reflect the risk severity of the branches, in terms of business performance, adherence to the laid down procedures, regulatory compliances etc.; iii) to Benchmark, identify and recommend good/successful practices of Internal Audit, particularly taking cognisance of prevailing practices in the market, iv) to assess compliance to standards for professional practice of Internal Audit, etc. The assignment is expected to be completed by April 2018 and the Bank is determined to implement the suggestion of QAA immediately - to

## IDBI BANK WINS VIGILANCE EXCELLENCE AWARD



ACHIEVEMENT: Suneet Kumar Mathur, Executive Director & CVO of IDBI Bank Ltd receiving the Vigilance Excellence Award 2017 for excellent contribution in the category of 'Vigilance Awareness Initiative', from Vice President M Venkaiah Naidu, in a programme held at Vigyan Bhawan, New Delhi on October 30. Minister of State Dr. Jitendra Singh and Central

# IDBI Bank crafts turnaround plan

**MUMBAI, DHNS: IDBI Bank has announced that it has crafted a comprehensive turnaround strategy, which includes restricting corporate loan book growth, raising additional capital and non core asset sales to reduce operational costs.**



Aggressive recovery and prevention of further slippages the quarter ended March 31, 2017, compared with a loss of Rs 1,736 crore in the same period last year. The bank's gross crore through the ment's subscription to erential share allotme this year, which enh Common Equity Tier Furthermore, Life In Corporation of India subscribed to the ban erential equity issue, IL said. "Additionally, CAR improved through sal

## IDBI BANK LAUNCHES 'WINNINGS' RUPAY SELECT CREDIT CARD




IDBI Bank has announced the launch of 'Winnings' Rupay Select Credit Card that offers a range of travel, shopping and dining privileges and also enables earning of rewards points on every spend. The credit card has been launched in association with National Payments Corporation of India (NPCI). This product is similar to the international credit cards offered by VISA and MasterCard. The 'Winnings' RuPay Select Credit Card is a premium credit card variant and is at par with the premium Card variants of International Card networks which is Visa Signature and MasterCard World. KP Nair, DMD of IDBI Bank inaugurating the 'Winnings' Rupay Select Credit Card. Also seen in the picture are Dr Saumya S Banerjee, ED

# IDBI Bank sets up department to manage bad loans

• AGENCIES
Hyderabad

IDBI Bank has created a special department for managing bad loans and monitoring credit after taking a series of hits which include being put "under watch" by RBI and a downgrade by credit rat- on the lender including on fresh loans and dividend distribution.

Domestic rating agency Icra downgraded various debt instruments of the state-run bank on account of weak profitability and deteriorating asset quality, which have resulted in erosion of its capital.

# आईडीबीआई बैंक का रिटेल लोन 33% बढ़ा

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

आईडीबीआई बैंक काफी मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने के बाद अब एक नई रणनीति के तहत रिटेल वर्ग में नए ग्राहकों तक पहुंच रहा है। ग्राहकों को आवास ऋण, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण आदि प्रदान करते हुए अलग अलग ग्राहक वर्गों का दायरा बढ़ाया जा रहा है। बीते वित्त वर्ष में बैंक का रिटेल लोन सेग्मेंट 33 प्रतिशत बढ़त दर्ज करने में सफल रहा है।

कुमार नील लोहित, सीजीएम एवं जोनल हैड, चंडीगढ़ ने बताया कि बैंक के चंडीगढ़ जोन ने बीते वित्त वर्ष में 22 नई बैंक शाखाओं को खोला है और इस क्षेत्र में बैंक का ब्रांच नेटवर्क 155 तक पहुंच गया है। इस साल हम ग्राहक आधार बढ़ाने और एमएसएमई वर्ग को बैंक को जोड़ने पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि इस साल हम अच्छी खासी संख्या में नया ग्राहक वर्ग बैंक की शाखाओं से जोड़ने में सफल होंगे।

# IDBI Bank only PSB to get 'high' rating for code compliance

## 8 private banks and 3 foreign lenders also get 'high' rank

OUR BUREAU
Mumbai, June 13

If you are already a bank customer, either a depositor or a borrower, or a prospective customer, you may want to check the lender's code compliance



Citibank, HSBC and Standard Chartered Bank — that were surveyed got 'high' ranking.

The public sector banks, the ratings of which improved in the latest round, are: Central Bank of India, Corporation Bank, UCO Bank and Union Bank of India, with their rating going up to AA from A.

The public sector banks, the ratings of which came down a notch, are: Andhra Bank and Bank of Maharashtra (to A from AA).

## विषयवस्तु

### कॉरपोरेट विहंगावलोकन


ii एक नई राह की ओर

iv यथा 25 मई 2018 को निदेशक मंडल और कार्यपालक निदेशकगण

vi प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश

x कुछ प्रमुख गतिविधियां

xiv पुरस्कार एवं सम्मान


### सांविधिक रिपोर्ट


2 निदेशकों की रिपोर्ट

14 प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण

44 कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट


### वित्तीय विवरण


138 एकल वित्तीय विवरण

236 समेकित वित्तीय विवरण

328 पिलर III प्रकटन


## Contents

### Corporate Overview


ii Charting a New Course

iv Board of Directors & Executive Directors as on May 25, 2018

vi Managing Director & CEO's Message

x Some Major Events

xiv Awards & Accolades


### Statutory Reports


8 Directors' Report

29 Management Discussion and Analysis

91 Corporate Governance Report


### Financial Statements


138 Standalone Financial Statements

236 Consolidated Financial Statements

328 Pillar III Disclosures

## एक नई राह की ओर

भारतीय बैंकिंग उद्योग तीव्र और गहन बदलाव के दौर से गुजर रहा है. उद्योग क्षेत्र को हाल के पिछले दिनों में विकट समय का सामना करना पड़ा और कई चुनौतियां अभी भी बाकी हैं. इस कठिन माहौल में विकास को गति देने के लिए सकेंद्रित रणनीति तैयार करना सबसे अधिक जरूरी है. साथ ही, जोखिम प्रबंधन के लिए मजबूत प्रक्रिया स्थापित करना, अनुपालन सुनिश्चित करना और आस्ति गुणवत्ता नियंत्रित करना अत्यंत जरूरी है.

पिछले एक वर्ष में आईडीबीआई बैंक ने एक समग्र कायापलट कार्यक्रम की शुरुआत की तथा इस दिशा में कई कदम उठाए. इस कार्यक्रम के अंतर्गत अल्पावधि मूल्य की वसूली और साथ ही आईडीबीआई बैंक को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए दीर्घावधि रणनीति में बदलाव पर ध्यान केंद्रित किया गया. विशेष रूप से, अपने कायापलट प्रयासों को तेज करने और वित्तीय कार्य निष्पादन में सुधार के लिए बैंक ने 'प्रोजेक्ट निश्चय' की शुरुआत की.

कायापलट कार्यक्रम को इस दृढ़ विश्वास के साथ तैयार किया गया कि बैंक के कर्मचारी बैंक के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं. निश्चित रूप से संपूर्ण संस्था में सबके साथ सकेंद्रित तालमेल रखते हुए ही आईडीबीआई बैंक अपने कार्य निष्पादन को सुधारने में सफल हुआ है.

प्रोजेक्ट निश्चय के संदर्भ में चार स्तम्भ के अंतर्गत 100 से भी अधिक पहल कार्य अभिनिर्धारित किए गए तथा उनकी शुरुआत की गई. इन पहल कार्यों का प्रभाव बैंक के मुख्य कार्य क्षेत्रों पर देखा जा सकता है :

- द्रुत, उच्च गुणवत्ता वाले कारोबार और शुल्क आय में वृद्धि: शाखा नेटवर्क को समावेशिता बढ़ाने, विश्लेषण, डिजिटल सक्रियण और अंगीकरण के माध्यम से कारोबार अभिप्रेरक तैयार करने के लिए निर्देश देना.
- वृद्धि में सहायता के लिए चुस्त परिचालन को बढ़ाना: आउटसोर्स किए गए बिक्री फोर्स को तर्कसंगत बनाना, आंतरिक लागत नीतियों को फिर से तैयार करना, एटीएम नेटवर्क, करेंसी चेस्ट और एपीयू परिचालन का इष्टतम उपयोग.
- जोखिम और आस्ति गुणवत्ता का कड़ाई से प्रबंधन: जोखिम भारित आस्ति कम करना तथा दबावग्रस्त आस्ति प्रबंध प्रक्रिया एवं संरचना के संदर्भ में पूँजी के इष्टतम उपयोग संबंधी सुधार.
- व्यस्त, कर्मठ और सकेंद्रित कार्यबल: संप्रेषण एवं व्यवसाय गतिविधियाँ, पुरस्कार और सम्मान कार्यक्रम, बिक्री अभियानों को रैंकिंग देना एवं उन्हें अति सरल और रोचक बनाना.
- सरल और कारगर प्रक्रिया: कार्यनिष्पादन समीक्षा में सामंजस्य की स्थापना, आंकड़ों की गुणवत्ता और दृश्यता में सुधार, आंतरिक आईटी क्षमता और संरचना को फिर से तैयार करना.

## Charting a New Course

The Indian banking industry is undergoing a rapid and profound evolution. Industry players across the board faced turbulent times in the recent past and many challenges are far from over. In this tough environment, building a focused strategy is of pivotal importance for driving growth. At the same time, it is vital to establish strong processes to manage risk, ensure compliance and control asset quality.

In the last one year, IDBI Bank initiated a holistic turnaround programme by taking various steps in this direction. The programme focused on short-term value realisation as well as long term strategic changes to lead IDBI Bank to new heights. Particularly, the Bank has launched 'Project Nishchay' to accelerate its turnaround effort and improve financial performance.

The turnaround programme was founded on the strong belief that its employees are of utmost importance for the Bank. Indeed, it is only through the synchronised orchestration of the entire organisation that IDBI Bank has been able to improve its performance.

More than 100 initiatives, under four pillars, were identified and initiated in the context of Project Nishchay. These initiatives span across key areas of the Bank:

- High quality business and fee income growth: Directing branch network to increase inclusiveness, lead generation through analytics, digital activation and adoption.
- Lean operations to support growth: Rationalisation of outsourced sales force, redesign of internal cost policies and optimisation of ATM network, currency chest and APU operations.
- Strict risk and asset quality management: Risk Weighted Asset (RWA) reduction and capital optimisation. Revamp of stressed assets management process and structure.
- Engaged, energetic and focused workforce: Communication and engagement activities, reward & recognition programs, rankings and gamification of sales campaigns.
- Streamlined processes: Establishment of performance review rhythm, improvement of data quality and visibility, re-design of internal IT capability and structure.

## 4 स्तंभ के तहत समग्र बैंक-व्यापी रूपांतरण

निश्चय
संकल्प कामयाबी का

### निश्चय @आईडीबीआई बैंक

**I** अधिकतम राजस्व

**II** युक्तिसंगत परिचालन लागत

**III** श्रमशक्ति योजना

**IV** आस्ति उपयोग

बुनियादी सक्रियण, परिवर्तन प्रबंधन और संचार को गतिशीलता देने लिए परियोजना प्रबंधन कार्यालय (पीएमओ) की स्थापना करना

## Holistic bank-wide transformation under 4 pillars

Nishchay
Our Resolve to Succeed

### Nishchay @IDBI Bank

**I** Revenue Maximisation

**II** Operating Cost Rationalisation

**III** Manpower Planning

**IV** Asset Utilisation

Project Management Office (PMO) set up to drive on-ground activation, change management and communication

## यथा 25 मई 2018 को निदेशक मंडल

## Board of Directors as on May 25, 2018



श्री महेश कुमार जैन
(प्रबंध निदेशक एवं सीईओ)
**Shri Mahesh Kumar Jain**
**(Managing Director & CEO)**



श्री के. पी. नायर
(उप प्रबंध निदेशक)
**Shri K. P. Nair**
**(Deputy Managing Director)**



श्री जी. एम. यादवाडकर
(उप प्रबंध निदेशक)
**Shri G. M. Yadwadkar**
**(Deputy Managing Director)**



श्री पंकज जैन
**Shri Pankaj Jain**



श्री सुधीर श्याम
**Shri Sudhir Shyam**



श्री ज्ञान प्रकाश जोशी
**Shri Gyan Prakash Joshi**



डॉ. आशिमा गोयल
**Dr. Ashima Goyal**



श्री भुवनचन्द्र बी. जोशी
**Shri Bhuwanchandra B. Joshi**



श्री समरेश परिडा
**Shri Samaresh Parida**



श्री एन. जंबुनाथन
**Shri N. Jambunathan**

## यथा 25 मई 2018 को कार्यपालक निदेशक

## Executive Directors as on May 25, 2018



श्री पी. सीताराम
Shri P. Sitaram



सुश्री मैथिली बालसुब्रमणियन
Ms. Mythili Balasubramanian



श्री ए. एल. बोंगिरवार
Shri A. L. Bongirwar



श्री जी. ए. तड़स
Shri G. A. Tadas



डॉ. सौम्य एस. बॅनर्जी
Dr. Saumya S. Banerjee



श्री सुरेश खटनहार
Shri Suresh Khatanhar



श्री इंद्रपाल एस. कालरा
Shri Inderpal S. Kalra



श्री माधव फड़के
Shri Madhav Phadke



श्री सुब्रतो गुप्ता
Shri Subroto Gupta



श्री बुद्धदेव दासगुप्ता
Shri Buddhadev Dasgupta



श्री अजय शर्मा
Shri Ajay Sharma



श्री शैलेंद्र नाडकर्णी
Shri Shailendra Nadkarni



श्री वी. नारायणमूर्ति
Shri V. Narayanamurthy



श्री जॉर्टी चाको
Shri Jorty Chacko

## प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का संदेश

प्रिय शेयरधारको,



आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल और प्रबंधन टीम की ओर से वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए बैंक की वार्षिक रिपोर्ट आपके अवलोकनार्थ प्रस्तुत करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है.

वर्ष 2017-18 में बैंक के कार्य-निष्पादन को वर्ष के दौरान विद्यमान कारोबार परिदृश्य के दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए ताकि उन चुनौतियों को भी समझा जा सके, जिनका इसने सामना किया. वर्ष 2017-18 में अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के बढ़ते स्तर और ऋण संवृद्धि की सुस्त चाल जैसी दोहरी चुनौतियों के चलते बैंकिंग क्षेत्र पर दबाव जारी रहा. एनपीए में बढ़ोत्तरी के चलते उच्चतर प्रावधान करने पड़े, जिसके फलस्वरूप बैंकों की पूंजीगत स्थिति में तनाव पैदा हुआ. परिणामस्वरूप नए ऋण देने में अवरोध आए. आपके बैंक को भी इसी तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा.

बैंकिंग क्षेत्र में आई इन चुनौतियों से निपटने के लिए बुनियादी जरूरत एनपीए की पहचान कर उनका त्वरित समाधान करना है. बैंकों द्वारा एनपीए की पहचान करना, इस दिशा में पहला कदम है. दिवाला और शोधन अक्षमता कोड (आईबीसी), 2016 तथा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 में संशोधन करने जैसी सुधारात्मक नीति व विनियामक समर्थकों का उद्देश्य देश में एनपीए के समाधान की प्रणाली को मजबूत करना है. यद्यपि यह समाधान प्रणाली अभी लागू होनी है, किन्तु इसने सभी हितधारकों में बुरे ऋणों के समाधान की तत्काल आवश्यकता का माहौल बना दिया है, जिसके आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम होंगे. आगे चल कर इससे देश में ऋण संस्कृति में भी सुधार होगा तथा ऋण की बेहतर उपलब्धता और कारोबार करने में अधिक आसानी सुनिश्चित हो सकेगी.

### कारोबार रणनीति

इन कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हुए आपके बैंक ने वर्ष के दौरान एक सम्पूर्ण कायापलट रणनीति लागू की, जिसके तहत *(i) आस्ति उपयोग, (ii) राजस्व को अधिकतम बढ़ाने (iii) परिचालन लागत को युक्तिसंगत करने और (iv) श्रम शक्ति आयोजना जैसे चार प्रमुख मुद्दों पर ध्यान देते हुए वित्तीय कार्य-निष्पादन का रूपान्तरण किया गया.* इन क्षेत्रों में उठाए गए कदमों का विस्तृत ब्योरा वार्षिक रिपोर्ट के निदेशक रिपोर्ट तथा प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंडों में दिया गया है. कायापलट योजना के परिणाम सामने आने लगे हैं और वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान केवल आस्ति

## Managing Director & CEO's Message

Dear Shareholders,

On behalf of the Board of Directors and the Management Team of IDBI Bank, I am pleased to present the Bank's Annual Report for FY 2017-18 for your perusal.

The Bank's performance in FY 2017-18 must be viewed in the context of the prevailing business environment during the year to understand the challenges confronting it. The banking sector continued to be under pressure in FY 2017-18 on the back of twin challenges stemming from escalated level of Non-Performing Assets (NPAs) and muted credit growth. The surge in the NPA level contributed to higher provisioning and consequential strain in the capital positions of the banks which, in turn, constrained their ability to extend fresh credit. Your Bank also faced similar set of challenges.

Recognition of NPAs and their expeditious resolution is fundamental for mitigating these challenges confronting the banking sector. Identification of NPAs by banks has been the first step in this direction. A slew of corrective policy and regulatory enablers such as The Insolvency and Bankruptcy Code (IBC), 2016 and amendment to the Banking Regulation Act, 1949 are intended at strengthening the NPA resolution mechanism in the country. While the resolution mechanism is still evolving, it has instilled a sense of urgency among all the stakeholders to resolve bad loans, which will yield positive results in the near future. Going forward, this will help in improving the credit culture in the country, thereby ensuring better availability of credit and improved ease of doing business.

### Business Strategy

Operating in these difficult circumstances, your Bank, during the year, implemented a comprehensive turnaround strategy that sought to bring about transformation in its financial performance through interventions in four broad areas, viz. *(i) Asset Utilisation, (ii) Revenue Maximisation, (iii) Operating Cost Rationalisation, and (iv) Manpower Planning.* The measures taken under these areas are detailed in the Directors' Report and Management Discussion & Analysis section of the Annual Report. The turnaround

गुणवत्ता को छोड़कर सभी मानदंडों में बेहतर कार्य-निष्पादन रहा है. मैं आपका ध्यान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन की मुख्य विशेषताओं की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ.

## वित्तीय विशेषताएँ

आपके बैंक ने 7.375% की विनियामक पूंजी आवश्यकता (सीसीबी सहित सीईटी 1) को पूरा करते हुए 31 मार्च 2018 को इसे 7.42% कर दिया है. यह भारत सरकार द्वारा पूंजी में नए निवेश करने तथा जोखिम-भारित आस्तियों (आरडबल्यूए) में कमी लाने और मूलेतर आस्तियों की बिक्री जैसे विभिन्न पहल-कार्यों के चलते हुआ है. 31 मार्च 2017 की तुलना में बैंक की आरडबल्यूए में 18% से अधिक की गिरावट आने के साथ-साथ सकल अग्रिमों में ऋण आरडबल्यूए का प्रतिशत भी कम हुआ है. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने मूलेतर आस्तियों और स्थावर संपदा की बिक्री से 3,872 करोड़ रुपये की पूंजी अर्जित की है.

उच्च गैर-निष्पादक आस्तियों (एनपीए) के कारण उपार्जक आस्तियों में कमी के बावजूद बैंक अपनी निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) को वित्तीय वर्ष 2016-17 के 1.62% से सुधार कर वित्तीय वर्ष 2017-18 में 1.81% करने में सफल रहा. साथ ही निवल ब्याज आय (एनआईआई) भी 5,640 करोड़ रुपये रही.

वर्ष के दौरान बैंक ने अधिकांश दबावग्रस्त आस्तियों की पहचान कर ली, जिसके फलस्वरूप सकल एनपीए (जीएनपीए) अनुपात और निवल एनपीए (एनएनपीए) अनुपात में बढ़ोत्तरी हुई तथा ये वित्तीय वर्ष 2016-17 के क्रमशः 21.25% व 13.21% से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2017-18 में क्रमशः 27.95% व 16.69% हो गए. बैंक अपने प्रावधान कवरेज अनुपात (तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए खातों सहित पीसीआर) को वित्तीय वर्ष 2016-17 के 54.96% से सुधार कर वित्तीय वर्ष 2017-18 में 63.40% करने में सफल रहा. इसके अलावा वसूली और अपग्रेडेशन में भी सुधार होकर यह राशि वित्तीय वर्ष 2016-17 की 4,849 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2017-18 में 6,231 करोड़ रुपये हो गई.

आपका बैंक अपनी कुल जमाराशियों में कासा का हिस्सा मार्च 2017 के 31% से बढ़ाकर मार्च 2018 के अंत में 37% करने में सफल रहा है. इससे बैंक को जमाराशियों की लागत 2016-17 के 6.48% से घटाकर 2017-18 में 5.56% करने में मदद मिली है. आपके बैंक ने जहां कॉरपोरेट बहियों में अपनी संवृद्धि सीमित रखी, वहीं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र सहित रिटेल अग्रिमों में प्रगामी वृद्धि की. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान होम लोन व मार्टगेज लोन सहित संरचित रिटेल आस्तियों (एसआरए) में 14.7% की वृद्धि दर्ज की गई. परिणामस्वरूप कुल अग्रिमों में रिटेल अग्रिमों का जो हिस्सा मार्च 2017 के अंत में 40% था, वह मार्च 2018 के अंत में 45% हो गया. इसी के तदनरूप कुल अग्रिमों में कॉरपोरेट अग्रिमों के हिस्से में गिरावट आई. आपके बैंक ने कृषि, एसएफएमएफ, कमजोर वर्ग और सूक्ष्म ऋण सहित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋण (पीएसएल) संबंधी सभी विनियामक लक्ष्य प्राप्त कर लिए.

plan has started showing results in FY 2017-18 with improved performance on all parameters except asset quality. I would like to bring to your attention the highlights of your Bank's performance.

## Financial Highlights

Your Bank achieved the Regulatory Capital requirement (CET 1 including CCB), which was at 7.42% as on March 31, 2018 against requirement of 7.375%, aided by fresh capital infusion by the Government of India as also by taking various initiatives including reduction in Risk Weighted Assets (RWAs) and sale of non-core assets. The Bank's RWAs declined by 18% over March 31, 2017, along with a reduction in the Credit RWA, as percentage of Gross Advances. The Bank earned a capital gain of Rs. 3,872 crore through sale of non-core assets and real estates during FY 2017-18.

Despite reduction in earning assets due to higher Non-Performing Assets (NPAs), the Bank was able to improve its Net Interest Margin (NIM) from 1.62% in FY 2016-17 to 1.81% in FY 2017-18, with a Net Interest Income (NII) of Rs. 5,640 crore.

During the year, the Bank has recognised most of the stressed assets, resulting in increase in the Gross NPA (GNPA) Ratio and Net NPA (NNPA) Ratio from 21.25% and 13.21%, respectively, in FY 2016-17 to 27.95% and 16.69% respectively in FY 2017-18. The Bank was able to improve Provision Coverage Ratio (PCR including technical write-off accounts) to 63.40% in FY 2017-18 from 54.96% in FY 2016-17. Further, Recovery and Up-gradation improved to Rs. 6,231 crore in FY 2017-18 from Rs. 4,849 crore in FY 2016-17.

Your Bank has been able to improve the share of CASA deposits in total deposits to 37% as at end-March 2018 from 31% as at end-March 2017. This has helped in lowering the Cost of Deposits to 5.56% in FY 2017-18 from 6.48% in FY 2016-17. Your Bank has also progressively enhanced the share of its retail advances, including Priority Sector Lending, while restricting growth in the corporate books. Structured Retail Assets (SRAs) portfolio, which inter alia includes Home Loan and Mortgage Loan, registered growth of 14.7% in FY 2017-18. Consequentially, the share of retail advances to total advances stood at 45% as at end-March 2018 vis-à-vis 40% as at end-March 2017, with corresponding decline in the share of corporate advances to total advances. Your Bank has also achieved all its regulatory targets for Priority Sector Lending (PSL) including sub-targets for Agri, SFMF, Weaker Section and Micro Enterprises.

राजस्व बढ़ाने के अपने प्रयासों के अंतर्गत बैंक ने अपनी परिचालन लागत कम करने के लिए कई उपाय किए ताकि परिचालन लाभ में सुधार किया जा सके. इन उपायों से आपके बैंक को अपने परिचालन व्यय वित्तीय वर्ष 2017-18 की तुलना में 8% कम कर 4,745 करोड़ रुपये करने में सफलता मिली तथा आय पर लागत अनुपात भी वित्तीय वर्ष 2016-17 के 53% की तुलना में कम होकर वित्तीय वर्ष 2017-18 में 38% हो गया.

इन संगठित उपायों से बैंक को वित्तीय वर्ष 2017-18 में अपना परिचालन लाभ 7,905 करोड़ रुपये करने में मदद मिली, जो कि वित्तीय वर्ष 2016-17 से 71% अधिक है. तथापि उच्चतर एनपीए के कारण बढ़े हुए प्रावधान से लाभप्रदता पर विपरीत असर पड़ा, जिसके चलते वित्तीय वर्ष 2017-18 में 8,238 करोड़ रुपये की निवल हानि हुई.

### पीएसबी सुधार एजेंडा: संवर्धित पहुँच और सेवा में उत्कृष्टता (ईएएसई)

बीते वर्ष में बैंकिंग परिदृश्य में ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिले. सरकार ने संपूर्ण पीएसबी सुधार का एजेंडा घोषित किया, जिसमें बैंकिंग सेवाओं की पहुँच बढ़ाने और सेवा में उत्कृष्टता लाने (ईएएसई) पर जोर दिया गया है. ईएएसई संरचना को छः थीमों द्वारा परिभाषित किया गया है अर्थात् *(i) उपभोक्ता अनुक्रियाशीलता, (ii) जिम्मेदार बैंकिंग, (iii) ऋण ऑफ-टेक, (iv) उद्यमी मित्र के रूप में पीएसबी, (v) वित्तीय समावेशन को मजबूत करना व डिजिटलाइजेशन तथा (vi) परिणाम सुनिश्चितता - मानव संसाधन.*

आपके बैंक ने ईएएसई के अंतर्गत परिभाषित कई कार्य बिन्दु लागू किए हैं. हालांकि कार्यान्वित कार्य बिन्दु व्यापक हैं, फिर भी मैं बैंक द्वारा हाल ही में लागू किए गए कुछ पहल कार्यों का उल्लेख करना चाहूँगा. इन प्रमुख पहल कार्यों में से कुछ हैं: (i) ऑनलाइन फिक्स्ड डिपॉजिट बुकिंग सुविधा तथा साथ में नामांकन विकल्प को बचत बैंक खाते से ही ले लेने की सुविधा; (ii) संरचित रिटेल आस्ति प्रोडक्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन तथा साथ में मौजूदा ग्राहकों के लिए बुनियादी जानकारी की ऑटो-फिलिंग; (iii) किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए संपूर्ण डिजिटलकृत लोन प्रोसेसिंग सिस्टम अर्थात् आईडीबीआई प्रायोरिटी सेक्टर ऑटोमेटेड लोन (आई-पाल); (iv) ग्राहक द्वारा शिकायत की रीयल टाइम स्टेटस ट्रैकिंग रखने की सुविधा.

उक्त संरचना में परिभाषित बिन्दुओं को कार्यान्वित करने के अलावा आपका बैंक अपने भावी पहल कार्यों को करते समय इस ईएएसई संरचना को केंद्र में रखने के लिए प्रतिबद्ध है.

### आगे की राह

आपका बैंक रिटेल और पीएसएल में आस्तियों में संवृद्धि करते हुए अपना राजस्व बढ़ाने के लिए तत्पर है. इसी के साथ स्वयं के कार्यालय परिसर का इष्टतम उपयोग करने, विभिन्न मदों के अंतर्गत व्यय को कारगर बनाने जैसे विभिन्न उपाय कर परिचालन व्यय को युक्तिसंगत करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं. आपके बैंक ने ऋण निगरानी के लिए सुपरिभाषित

Supplementing its efforts to boost revenue, the Bank also took several measures to contain its operational costs to improve its operating profits. The measures have helped your Bank to reduce its operating expenses by 8% to Rs. 4,745 crore for FY 2017-18, aiding in lowering the Cost-to-Income ratio to 38% in FY 2017-18 vis-à-vis 53% in FY 2016-17.

These concerted measures helped the Bank to post an operating profit of Rs.7,905 crore in FY 2017-18, marking an increase of 71% over FY 2016-17. However, increased provisioning due to higher NPA level adversely impacted the bottom-line, resulting in net loss of Rs. 8,238 crore in FY 2017-18.

### PSB Reforms Agenda: Enhanced Access and Service Excellence (EASE)

The year just past saw a historic development in the banking landscape. The Government of India unveiled a holistic PSB Reforms Agenda which lays emphasis on Enhanced Access and Service Excellence (EASE) in banking services. The contours of the EASE framework has been defined by six themes, viz. *(i) Customer Responsiveness, (ii) Responsible Banking, (iii) Credit Off-Take, (iv) PSBs as Udyami Mitra, (v) Deepening Financial Inclusion & Digitalisation and (vi) Ensuring Outcomes - HR.*

Your Bank has implemented many of the action points defined under the EASE framework. While the implemented action points are quite extensive, I would like to highlight some of the major initiatives undertaken by the Bank recently. Some of the major initiatives include (i) Online fixed deposit booking facility along with enabling option for nomination to be replicated from the savings bank account; (ii) Online application for structured retail asset products with auto-filling of basic information for existing customers; (iii) End-to-end digitalised loan processing system for Kisan Credit Card (KCC), viz. IDBI - Priority Sector Automated Loan (I-PAL); and (iv) facility for real-time complaint status tracking by customer.

Your Bank, in addition to implementing the action points defined in the framework, is committed to keeping the themes of the EASE framework central to future initiatives.

### Way Forward

Your Bank is proactively seeking to enhance its revenue by stimulating asset growth in retail and Priority Sector Loans. Simultaneously, steps are being taken to rationalise operating expenditure by optimising use of owned office spaces, streamlining cost under various heads, among other measures. Your Bank has also

संरचना अपनाते हुए आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन के प्रयास करने के साथ-साथ वसूली और अपग्रेडेशन के प्रयत्न भी गहन कर दिए हैं. आपके बैंक ने अपनी स्थावर संपदा सहित कुछ ऐसी मूलेतर आस्तियों की पहचान कर बिक्री की है, जिनका इष्टतम उपयोग नहीं हो पा रहा था. अपनी व्यापक रणनीति के तहत मानव संसाधन नीतियों को इस प्रकार से सुव्यवस्थित किया जा रहा है कि प्रतिभा को प्रोत्साहन मिले तथा रिटेल व एनपीए प्रबंधन कार्यकलापों में कार्मिकों का पुनर्विनियोजन किया जा रहा है ताकि इन कार्यों में सहायता मिल सके. आगे देखें तो आपके बैंक द्वारा कार्यान्वित की गई कायापलट रणनीति आगे चलकर लाभदायक और सतत संवृद्धि की स्थायी राह के लिए उपयोगी साबित हो सकती है.

आपका बैंक अपने ग्राहकों को अपनी कारोबार रणनीति के केंद्र में रखना जारी रखेगा. इस फिलोसफी को ध्यान में रखते हुए आपका बैंक ग्राहक सेवा स्तर पर अपनी उत्कृष्टता बनाए रखेगा. बैंक की ग्राहक सेवा का उच्चतर स्तर इस बात से भी प्रतिबिंबित होता है कि भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) द्वारा बैंकों के लिए दी जाने वाली संहिता अनुपालन रेटिंग में इसे विगत दो वर्ष से 'उच्च' रेटिंग मिल रही है.

इसी के साथ-साथ आपका बैंक अपने डिजिटल ढांचे को सशक्त व संशोधित कर इसमें श्रेष्ठ फीचर जोड़ने के लिए कार्य कर रहा है ताकि उपयोगकर्ता को निर्बाध व सुविधाजनक सेवाएं दी जा सकें. आपका बैंक गंभीरतापूर्वक यह भी प्रयास कर रहा है कि ग्राहक डिजिटल सेवाओं को बड़े स्तर पर अपनाएं और उनका प्रयोग करें.

दीर्घावधि मूल्यों के सृजन के लिए प्रतिबद्ध होने के कारण हम आपके बैंक में अपने ग्राहकों, निवेशकों और हितधारकों से सार्थक रूप से जुड़ने के लिए नए और प्रभावी तरीकों की तलाश जारी रखेंगे. आपका बैंक एक विश्वसनीय और वित्तीय दृष्टि से सशक्त बैंक के रूप में उभरने के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित करने हेतु ठोस कदम उठा रहा है.

**आभार**

मैं अपने सभी बाहरी और आंतरिक हितधारकों का बैंक के इस निर्विवाद रूप से सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण समय में सहयोग देने के लिए आभार मानता हूँ. अब बैंक नए युग में नए सामर्थ्य और नई संभावनाओं के साथ प्रवेश कर रहा है, ऐसे में हम आपके सतत सहयोग की कामना करते हैं.

निजी तौर पर मैं बैंक के सभी हितधारकों का उनके सहयोग और विश्वास के लिए आभार मानता हूँ, जिसके चलते मुझे बैंक के कायापलट के लिए एक नई राह तय करने में मदद मिली.

शुभकामनाओं के साथ,

**महेश कुमार जैन**
**प्रबंध निदेशक एवं सीईओ**

stepped up efforts in asset quality management by adopting a well-defined framework for credit monitoring as also intensified its efforts on recovery and upgradation. Your Bank has identified and sold some of its non-core assets, including real estates which were not being optimally utilised. To support the overarching strategy, the human resource policies have been revamped to further promote meritocracy and there has been a re-deployment of personnel in the retail and NPA management related activities to support these functions. Going forward, the turnaround strategy implemented by your Bank is expected to gain further traction, enabling its progress on a steady trajectory of profitable and sustainable growth.

Your Bank will continue to keep its customers at the core of its business strategy. In consonance with this philosophy, your Bank will strive to maintain its excellence in customer service level. The Bank's high customer service level has also been attested by its 'High' rating by the Banking Codes and Standards Board of India (BCSBI) in its Code Compliance Rating of banks for two consecutive years.

Simultaneously, your Bank is working towards strengthening and revamping its digital infrastructure to incorporate best-in-class features in order to ensure seamless user experience and convenience. Your Bank is also striving to drive higher levels of digital adoption among customers.

Being committed to the creation of long-term value, we, at your Bank, will continue to look for new and effective ways to meaningfully engage with its customers, investors and other stakeholders. Your Bank is taking definitive steps to create an enabling environment for emerging as a trusted and financially strong bank.

**Acknowledgement**

I would like to take this opportunity to thank all our external and internal stakeholders for their support in what has undoubtedly been one of the Bank's most challenging periods. We look forward to your continued co-operation as the Bank steps into a new horizon, full of new potential and possibilities.

On a personal note, I would like to thank all stakeholders for their co-operation and trust which has helped me charting a new course for the Bank for its turnaround.

With best wishes,

**Mahesh Kumar Jain**
Managing Director & CEO

## कुछ प्रमुख गतिविधियां




भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद के कर कमलों से बैंक की हिंदी पत्रिका 'विकास प्रभा' के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री महेश कुमार जैन, एमडी एवं सीईओ, साथ में हैं माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह.

Shri Ram Nath Kovind, Hon'ble President of India, handing over the Rajbhasha Kirti Puraskar for Bank's Hindi magazine 'Vikas Prabha' to Shri Mahesh Kumar Jain, MD & CEO, in the presence of Shri Rajnath Singh, Hon'ble Union Home Minister.

श्री महेश कुमार जैन, एमडी एवं सीईओ, नई दिल्ली में एडफिएप की 41वीं वार्षिक बैठक में मुख्य अतिथि श्री अरुण जेटली, माननीय केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों के मंत्री का स्वागत करते हुए.

Shri Mahesh Kumar Jain, MD & CEO, welcoming the Chief Guest, Shri Arun Jaitley, Hon'ble Union Minister of Finance and Corporate Affairs, at the 41st ADFIAP Annual Meeting at New Delhi.






श्री महेश कुमार जैन, एमडी एवं सीईओ, महाराष्ट्र के नवी मुंबई, सीबीडी-बेलापुर में बैंक के कार्यालय भवन का उद्घाटन करते हुए. साथ में उपस्थित हैं उप प्रबंध निदेशकगण श्री के. पी. नायर एवं श्री जी. एम. यादवाडकर तथा अन्य पदाधिकारी.

Shri Mahesh Kumar Jain, MD & CEO, inaugurating the Bank's office buliding at CBD-Belapur, Navi Mumbai, Maharashtra, in the presence of DMDs Shri K. P. Nair & Shri G. M. Yadwadkar and other dignitaries.

## Some Major Events



श्री महेश कुमार जैन, एमडी एवं सीईओ डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए.

Shri Mahesh Kumar Jain, MD & CEO, paying homage to Dr. Babasaheb Ambedkar on his death anniversary.




श्री के.पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक द्वारा 'विनिंग्स' रुपे सिलेक्ट क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ.

Shri K. P. Nair, DMD, launched the Bank's 'Winnings' RuPay Select Credit Card.




श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, नई दिल्ली में आयोजित एडफिएप की 41वीं वार्षिक बैठक में बुनियादी संरचना विकास पर विस्तृत सत्र लेते हुए.

Shri G. M. Yadwadkar, DMD, addressing the Plenary Session on Infrastructure Development at 41st Annual Meeting of ADFIAP at New Delhi.

## कुछ प्रमुख गतिविधियां



आईडीबीआई बैंक में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन और इस अवसर पर विशेष पत्रिका का विमोचन.

Inauguration of Vigilance Awareness Week at IDBI Bank and release of a Special Journal to mark the occasion.

## Some Major Events



श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक पुणे में आयोजित टाउन हाल बैठक में स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए.

Shri G. M. Yadwadkar, DMD, addressing staff at Town Hall Meeting at Pune.




आईडीबीआई बैंक को फोर्रेस्टर रिसर्च इंक द्वारा ग्राहक अनुभव में पहला स्थान प्राप्त हुआ. पुरस्कार ग्रहण करते हुए डॉ एस. एस. बॅनर्जी, कार्यपालक निदेशक (सबसे दाएं)

IDBI Bank was ranked No. 1 Bank in Customer Experience by Forrester Research Inc. Dr. S.S. Banerjee, Executive Director, (extreme right) received the award.

सीएसआर पहल कार्यों के भाग के रूप में आईडीबीआई बैंक ने बिहार राज्य में बाढ़ राहत कार्य हेतु मुख्यमंत्री राहत कोश में ₹10 लाख का अंश दान दिया.

As part of CSR initiatives, IDBI Bank contributed ₹10 lakh to Chief Minister's Relief Fund, Bihar, towards flood relief in the State.






आईडीबीआई बैंक के स्टाफ द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन और साफ-सफाई अभियान.

Observation of Swachhta Pakhwada by IDBI Bank staff.

आईडीबीआई बैंक के भीम आधार डिजिटल पीओएस की जागरूकता हेतु विशेष सक्रियन अभियान.

Special activation drive for awareness of IDBI Bank's BHIM Aadhaar digital Point of Sale (PoS).



## पुरस्कार एवं सम्मान

गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजभाषा विभाग से हिंदी पत्रिका 'विकास प्रभा' के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्राप्त हुआ.

फोर्रेस्टर रिसर्च इंक द्वारा ग्राहक अनुभव इंडेक्स में बैंक ने पहला स्थान प्राप्त किया.

बैंक को 'सूक्ष्म उद्यमों को उधार देने में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन' के लिए एमएसएमई मंत्रालय द्वारा बैंकों के राष्ट्रीय पुरस्कारों में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ.

बैंक को भविष्य निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा तीन पुरस्कार प्रदान किए गए अर्थात् अधिकतम एनपीएस खाते खोलने के लिए तीसरा स्थान, उत्कृष्ट पॉइंट ऑफ प्रेसेंस - कॉर्पोरेटस में एनपीएस खातों के सक्रियन के लिए दूसरा स्थान और बेस्ट पॉइंट ऑफ प्रेसेंस (पीओपी)- सेलिंग पॉइंट एक्टिवेशन के लिए तीसरा स्थान.

आईडीबीआई बैंक ने एनएसडीएल के 32 वें डीपी सम्मेलन में पीएसयू बैंक श्रेणी के अंतर्गत खोले गए नए डी-मैट खातों के उत्कृष्ट कार्यनिष्पादक के रूप में पहला स्थान प्राप्त किया.

आईडीबीआई बैंक को सिटी बैंक तथा बैंक ऑफ न्यूयॉर्क मेलोन द्वारा अमरीकी डॉलर भुगतानों के लिए स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) श्रेणी के अंतर्गत 'कार्य निष्पादन उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया.

बैंक को वित्तीय समावेशन पहल कार्यों और सीएसआर परियोजना - 'जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य' के लिए स्कॉच बीएसई ऑर्डर-ऑफ-मेरिट पुरस्कार 2017 प्राप्त हुआ.

एडफिएप की 41वीं वार्षिक बैठक में सर्वोत्कृष्ट वेबसाइट पुरस्कार प्राप्त हुआ.

आईडीबीआई बैंक ने अपने ग्राहक सेवा केंद्र को आईएसओ 9001 : 2015 में सफलतापूर्वक अपग्रेड किया जो कि नियामकीय दिशानिर्देशों के तहत गुणवत्ता और शिकायतों के समय पर निवारण के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाता है.

बैंक को ग्रामीण विकास मंत्रालय की दीनदयल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह बैंक संयोजन 2017-18 (पीएसयू बैंक - मध्यम श्रेणी) में सर्वोत्कृष्ट कार्यनिष्पादन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ.

## Awards and Accolades

Received Rajbhasha Kirti Puraskar for Hindi Magazine 'Vikas Prabha' from Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, Government of India.

Ranked as the No. 1 Bank in Customer Experience by Forrester Research Inc.

Secured 2nd prize at the National Awards to Banks by Ministry of MSME for "Excellence in Lending to Micro Enterprises".

Conferred three awards by Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA) viz. 3rd rank for sourcing maximum number of NPS accounts, 2nd rank for Best Point of Presence (PoP) – NPS for number of corporates activated and 3rd rank in Best Point of Presence (PoP) – Selling Point activation.

Secured 1st position as top performer in new demat accounts opened under the PSU-Bank Category at 32nd DP Conference of NSDL.

Received "Performance Excellence Awards" under the category Straight Through Processing (STP) by Citibank and Bank of New York, Mellon for US Dollar Payments.

Conferred with SKOCH BSE Order-of-Merit Award 2017 for financial inclusion initiatives and CSR Project - 'Water, Sanitation and Hygiene'.

Received the Best Website Award at the 41st Annual ADFIAP Meeting.

Successfully upgraded to ISO 9001 : 2015 Certification for its Customer Care Centre which demonstrates commitment to quality and timely resolution of complaints within the regulatory guidelines.

Conferred with National Award for Best Performance in Self Help Group Bank Linkages 2017-18 (PSU Banks - Medium Category) under Deendayal Antyodaya Yojana - National Rural Livelihoods Mission by Ministry of Rural Development.

# निदेशकों की रिपोर्ट
# Directors' Report

# निदेशकों की रिपोर्ट

आपके बैंक के निदेशक मंडल को 31 मार्च 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आपके बैंक के कारोबार तथा परिचालनों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है.

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान नीतिगत दृष्टि से सकारात्मक माहौल भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रमुख विशेषता रही जिसने इसकी स्थूल आर्थिक स्थितियों को मजबूती प्रदान करने में बल दिया. बैंकिंग उद्योग, विशेष रूप से भारत जैसी अर्थव्यवस्था में सतत आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण समर्थकारक है. भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास अन्य बातों के साथ-साथ बैंकिंग की व्यापकता और गहराई तक पहुँच पर निर्भर करता है. अतः इनके आधिपत्व को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकिंग संरचना को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है. यद्यपि, विभिन्न कारणों की वजह से यह वर्ष बैंकिंग क्षेत्र के लिए कठिनाइयों भरा साबित हुआ है. तथापि, बैंकिंग क्षेत्र में इस कठिनाइयों भरे माहौल को मद्देनजर रखते हुए आपके बैंक का कार्यनिष्पादन यथोचित माना जा सकता है.

## वित्तीय विशेषताएं

यथा 31 मार्च 2018 को आपके बैंक की कुल जमाराशियां और अग्रिम क्रमशः ₹ 2,47,931.61 करोड़ तथा ₹ 1,71,739.95 करोड़ रहे. समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं तालिका 1 में दी गई हैं:

## तालिका 1 : प्रमुख वित्तीय विशेषताएं

(₹ करोड़ में)

| | यथा 31 मार्च 2017 की स्थिति | **यथा 31 मार्च 2018 की स्थिति** |
|---|---|---|
| पूंजी | 2,058.81 | 3083.86 |
| रिजर्व और अधिशेष | 20,504.83 | 18,125.87 |
| जमाराशियां | 2,68,538.10 | 2,47,931.61 |
| उधार राशियां | 56,363.98 | 63,185.53 |
| अन्य देयताएं और प्रावधान | 14,408.75 | 17,986.77 |
| **कुल देयताएं** | **3,61,874.47** | **3,50,313.64** |
| नकदी और रिजर्व बैंक के पास शेष | 13,346.92 | 13,163.69 |
| बैंकों के पास शेष और मांग एवं अल्प सूचना पर देय राशि | 19,337.16 | 20,522.40 |
| निवेश | 92,934.41 | 91,606.06 |
| अग्रिम | 1,90,825.93 | 1,71,739.95 |
| अचल और अन्य आस्तियां | 45,430.05 | 53,281.54 |
| **कुल आस्तियां** | **3,61,874.47** | **3,50,313.64** |
| **इस अवधि में** | **2016-17** | **2017-18** |
| कुल आय | 31,799.20 | 30,035.41 |
| कुल व्यय (प्रावधान छोड़कर) | 27,180.52 | 22,130.90 |
| प्रावधान (कर छोड़कर) | 13,236.70 | 20,497.05 |
| कर - पूर्व का लाभ / (हानि) | (8,618.02) | (12,592.53) |
| कर के लिए प्रावधान* | (3,459.88) | (4,354.61) |
| कर पश्चात् लाभ / (हानि) | (5,158.14) | (8,237.92) |

** वर्तमान आयकर और आस्थगित आयकर को घटाकर*

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक की कुल आय ₹ 30,035.41 करोड़ रही जिसमें ₹ 23,026.53 करोड़ की ब्याज आय और ₹ 7,008.88 करोड़ की अन्य आय शामिल है. कुल व्यय (प्रावधानों एवं आकस्मिकताओं को छोड़कर) में ब्याज व्यय ₹ 17,386.21 करोड़ और परिचालनगत व्यय ₹ 4,744.69 करोड़ शामिल है.

बैंक के कॉरपोरेट लोन पोर्टफोलियो में निरंतर दबाव के चलते आपके बैंक का कुल प्रावधान बढ़ गया. प्रावधानों में अनर्जक आस्तियों, बट्टे खाते डाले गए अशोध्य ऋणों तथा निवेशों के लिए प्रावधान के प्रति ₹ 22,118.86 करोड़ की राशि शामिल है. परिणामस्वरूप आपके बैंक को वर्ष 2017-18 के दौरान ₹ 8,237.92 करोड़ की निवल हानि हुई.

यद्यपि हानि के कारण वर्ष के दौरान प्रति शेयर उपार्जन (ईपीएस) नकारात्मक रहा लेकिन मार्च 2018 के अंत में प्रति शेयर बही मूल्य (अमूर्त आस्तियों को छोड़कर) ₹ 39.01 रहा. हानि को ध्यान में रखते हुए निदेशक मंडल ने वर्ष के लिए किसी लाभांश की सिफारिश नहीं की है.

## यथा 31 मार्च 2018 को समेकित वित्तीय विवरण में शामिल सहायक संस्थाओं और संयुक्त उद्यम के कार्य-निष्पादन और वित्तीय स्थिति पर रिपोर्ट

| संस्था का नाम | निवल आस्तियां अर्थात् कुल आस्तियों में से कुल देयताएं घटाकर | | लाभ या (हानि) में हिस्सा | |
|---|---|---|---|---|
| | समेकित निवल आस्तियों के % के रूप में | राशि (₹ करोड़ में) | समेकित लाभ या (हानि) % के रूप में | राशि (₹ करोड़ में) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **मूल: आईडीबीआई बैंक लिमिटेड** | 95.37% | 21,209.73 | 101.86% | -8,237.92 |
| **सहायक संस्थाएं:** | | | | |
| **भारतीय:** | | | | |
| 1. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज लि. | 1.45% | 321.46 | -0.16% | 12.73 |
| 2. आईडीबीआई इंटेक लि. | 0.21% | 47.50 | -0.04% | 3.01 |
| 3. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट कंपनी लि. | 0.51% | 112.44 | -0.10% | 8.01 |
| 4. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. | 0.01% | 1.42 | 0.00% | 0.22 |
| 5. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि. | 0.78% | 173.49 | -0.45% | 36.45 |
| **विदेशी:** | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| **सभी सहायक संस्थाओं में अल्पसंख्यक हित** | 0.39% | 85.96 | -0.20% | 16.51 |
| **सहायक कंपनियां (इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश)** | | | | |
| **भारतीय** | | | | |
| 1. बायोटेक कंसोर्शियम इंडिया लि. | लागू नहीं | लागू नहीं | -0.01% | 0.42 |
| 2. नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लि. | लागू नहीं | लागू नहीं | -0.33% | 26.85 |
| 3. पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लि. | लागू नहीं | लागू नहीं | -0.17% | 13.95 |
| **विदेशी:** | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| **संयुक्त उद्यम (आनुपातिक समेकन के अनुसार / इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश)** | | | | |
| **भारतीय** | | | | |
| 1. आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | 1.68% | 374.33 | -0.60% | 48.45 |
| **विदेशी:** | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| कुल | 100% | 22,240.36 | 100% | -8,087.83 |
| विलोपन | -1.49% | -332.41 | 0.55% | -44.57 |
| निवल कुल | 98.51% | 21,907.96 | 100.55% | -8,132.40 |

## आईडीबीआई बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले महत्त्वपूर्ण परिवर्तन और वचनबद्धताएं, यदि कोई हों, जो वित्तीय वर्ष के अंत और बोर्ड की रिपोर्ट की तारीख के दौरान उत्पन्न हुई हों.

बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले ऐसे कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन और वचनबद्धताएं नहीं हैं जो बैंक के वित्तीय वर्ष की समाप्ति अर्थात् 31 मार्च 2018 और निदेशकों की रिपोर्ट की तारीख के दौरान उत्पन्न हुई हों.

## वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता के संबंध में ब्यौरे.

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(3)(i) के अनुसार वित्तीय वर्ष 2015-16 से सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में यह दर्शाया जाना चाहिए कि वित्तीय विवरणों के संदर्भ में क्या बैंक के पास समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसी) प्रणाली उपलब्ध है तथा क्या ऐसे नियंत्रण की परिचालनात्मक प्रभावशीलता है. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(3)(i) में संदर्भित आईएफसी से आशय वित्तीय रिपोर्टिंग में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (आईएफसी-एफआर) से है. बैंक का प्रबंधन वित्तीय रिपोर्टिंग में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के बारे में बैंक में स्थापित उन मानदंडों के अनुसार आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने व बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है, जो दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी आईएफसी-एफआर के लेखापरीक्षण पर वर्णित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए बनाए गए हैं. इन जिम्मेदारियों में समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रूपरेखा, कार्यान्वयन व निर्वहन शामिल है, जो बैंक की नीतियों के अनुपालन, आस्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम व पता लगाने, लेखा रिकॉर्ड की शुद्धता और सक्षमता तथा कंपनी अधिनियम, 2013, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 व समय समय पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार विश्वसनीय वित्तीय सूचना की सामयिक तैयारी करने सहित अपने कारोबार के नियमानुसार व प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से प्रचलित थे.

आईएफसी-एफआर रूपरेखा लागू करने के लिए आपके बैंक ने अपने सभी कारोबार वर्टिकलों/ विभागों के दस्तावेजीकरण, प्रमाणन और नियंत्रणों की रिपोर्टिंग प्रणाली के संबंध में अनुपालन उपलब्ध कराने के लिए एक परामर्शदाता को नियुक्त किया है. वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए परामर्शदाता ने बुनियादी रूपरेखा वैधीकृत कर दी है तथा उन्होंने सभी प्रणालियों के वैधीकरण व परीक्षण के उपरांत जून 2017, सितंबर 2017, दिसंबर 2017 तथा मार्च 2018 की तिमाहियों के लिए आंतरिक अनुपालन प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत कर दिए हैं.

## पूंजी पर्याप्तता

आपका बैंक बासेल-III ढांचे के पिलर 1 दिशानिर्देशों के अंतर्गत निर्धारित रूप में ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिमों के लिए विनियामक पूंजी आवश्यकता का परिकलन करता है.

31 मार्च 2018 को आपके बैंक की जोखिम भारित आस्तियों (सीआरएआर) की तुलना में पूंजी अनुपात 10.875% की न्यूनतम विनियामक आवश्यकता की तुलना में 10.41% रहा. आपके बैंक का सामान्य इक्विटी टीयर 1 (सीईटी 1) + पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) अनुपात रिजर्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट 7.375% के न्यूनतम लागू अनुपात की तुलना में 7.42 % था. ''टीयर 1 + पूंजी संरक्षण बफर अनुपात (सीसीबी)'' 8.875% की विनियामक अपेक्षाओं की तुलना में 31 मार्च 2018 को 7.73% रहा. बासेल दिशानिर्देशों के अनुसार 31 मार्च 2016 से अनिवार्य पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) की शुरुआत की गई है. सीसीबी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बैंक सामान्य अवधियों के दौरान सुरक्षित भंडार निर्मित करें जिसे दबावग्रस्त अवधियों के दौरान होने वाली हानियों के मामले में आहरित किया जा सके. विनियामक दिशानिर्देशों की संक्रमणकालीन व्यवस्थाओं के अनुरूप 31 मार्च 2018 के लिए लागू सीसीबी 1.875% है. तद्नुसार,'' कुल पूंजी + सीसीबी'' की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा 10.875% है. आपके बैंक के पास बासेल III ढांचे के पिलर 2 मानदंडों के अनुरूप आंतरिक पूंजी पर्याप्तता अभिनिर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीति है जो बैंक को पिलर 1 में शामिल नहीं किए गए जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन करने और उनका परिमाण निर्धारित करने और साथ ही सामान्य तथा दबावग्रस्त स्थितियों में जोखिमों का प्रबंध करने के लिए उपयुक्त रणनीतियां तैयार करने में समर्थ बनाती है. आपके बैंक ने बासेल मानदंडों के अंतर्गत पिलर 3 अपेक्षाओं के अनुसार एक प्रकटन नीति अपनायी है और तद्नुसार हरेक तिमाही की समाप्ति पर बैंक की वेबसाइट पर प्रकटन उपलब्ध कराये जाते है.

## कारोबार रणनीति

वर्ष के दौरान, बैंक ने अपने रणनीतिक रूपांतरण के तहत चार प्रमुख क्षेत्रों यथा (i) आस्ति को उपयोग में लाना (ii) राजस्व को बढ़ाना (iii) परिचालनगत लागत को युक्ति संगत बनाना तथा (iv) श्रमशक्ति के लिए आयोजना बनाने पर ध्यान केन्द्रित करने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट निश्चय का शुभारंभ किया.

